**गोपनीय/बैठक**

**योगेश चन्द्र**
**संयुक्त सचिव**

23/अद्वे0शा0प0सं0-47(6)2014/का-1-2014
उत्तर प्रदेश शासन
कार्मिक अनुभाग-1
लखनऊ :: दिनांक 20 फरवरी, 2014

प्रिय महोदय,

सचिवालय प्रशासन विभाग के अन्तर्गत प्रधान निजी सचिव, निजी सचिव (श्रेणी-चार) तथा निजी सचिव (श्रेणी-तीन) के पद पर पदोन्नति हेतु, उनके पोषक संवर्ग में, उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक पदोन्नति के लिए अर्हकारी सेवा में शिथिलीकरण (प्रथम संशोधन) नियमावली, 2013 के अन्तर्गत, अर्हकारी सेवा में पचास प्रतिशत से अधिक का शिथिलीकरण प्रदान किये जाने हेतु मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उन्हीं के कार्यालय कक्ष में **दिनांक 21.02.2014 को अपराह्न 01.30 बजे** समिति की बैठक आयोजित की गयी है।

2. अत: अनुरोध है कि कृपया उक्त समिति की बैठक में यथासमय भाग लेने का कष्ट करें।

भवदीय,
ह0/-
(योगेश चन्द्र)

श्री अरविन्द्र नारायण मिश्र,
सचिव,
सचिवालय प्रशासन विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

23/अद्वे0शा0प0सं0-47(6)2014(1)/का-1-2014, तद्दिनांक

प्रतिलिपि, निम्नलिखित अधिकारियों के सूचनार्थ एवं उनके निजी सचिवों को प्रेषित:-

1. मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
2. प्रमुख सचिव, कार्मिक विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।

आज्ञा से,
ह0/-
(योगेश चन्द्र)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in